Title: Regarding the Central Government's promise to remove employment and to develop industries in Bihar.

श्रीमती श्यामा सिंह (औरंगाबाद, बिहार) : आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान बिहार के सुखाड़, भुखमरी और बाढ़ की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। हमारे वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में वायदा किया था, सदन को आश्वासन दिया था कि साल भर में एक करोड़ लोगों को रोजगार दिया जायेगा। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि एक करोड़ लोगों को रोजगार देने के वायदे का क्या हुआ, वह कहां गया।

दूसरी बात मैं कहना चाहती हूं कि हमने बेरोजगार लोगों को बहुत मुश्किल से रोजगार दिया है। लेकिन डिसइन्वैस्टमैन्ट की वजह से वे लोग रोड पर आ गये हैं। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि आपने बिहार प्रान्त के लिए कौन से ठोस कदम उठाये हैं जिससे कि वहां के उद्योगों, लघु उद्योगों, गृह उद्योगों को एक संकेत मिल सके और लोगों में एक आशा की किरण जाग सके। मैं यही पूछना चाहती हूं।